खबर संक्षेप



## कलेक्टर ने बीएलओ एवं टीम को किया सम्मानित

**बड़वारा।** एसआइआर सर्वे कार्य मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक 46 पथवारी का भ्रमण किया गया जिस दौरान बीएलओ श्रीमती देव वती मरावी, विनोद सिंह सुपरवाइजर, सहायक बीएलओ मिथिलेश पुरी गोस्वामी एवं उनकी पूरी टीम को 100% समय से पहले डिजिटाइज्ड करने पर कलेक्टर द्वारा पूरी टीम को गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया जिससे पूरी टीम में हर्ष व्याप्त है। सभी ने जिला के मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ठंड से राहत दिलाने के लिए अलाव की व्यवस्था

**कटनी।** शहर में बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने अलाव व्यवस्था को सक्रिय कर दिया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम की फील्ड टीमों ने मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की है। निगम प्रशासन ने बताया कि ठिठुरती रातों में रिक्शा-चालक, मजदूर, फुटपाथ विक्रेताओं और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना प्राथमिकता है। इसके लिए निर्धारित स्थलों पर समय-समय पर जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति की जा रही है तथा स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों को निगरानी के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही, रैन-बसेरा वाहन सेवा भी सक्रिय है, जो रात में असहाय और बेघर लोगों को निकटस्थ रैन-बसेरा तक पहुँचाने का कार्य लगातार कर रही है। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि खुले में ठंड से जूझ रहे लोगों को रैन-बसेरा या अलाव स्थलों तक पहुँचाने में सहयोग करें। निगम अधिकारियों का कहना है कि तापमान में और गिरावट आने की स्थिति में अलाव स्थलों की संख्या आवश्यकता अनुरूप बढ़ा दी जाएगी तथा अतिरिक्त व्यवस्थाएँ भी की जाएंगी।

## बीमा कंपनियों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुज कुमार मित्तल, विशेष न्यायाधीश और राजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश द्वारा मैग्मा, इफको टोकियो एवं आईसीआईसीआई इंश्योरेंस जैसी प्रमुख बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं और क्लेमेंट अधिवक्ताओं के साथ मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में अधिक से अधिक राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लंबित प्रकरणों को समझौते के माध्यम से हल करने के लिए चर्चा की गई। साथ ही लोक अदालत में बड़ी संख्या में प्रकरणों के निपटारे की आशा व्यक्त की गई। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आमजन से अपील की है कि वे आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएँ और न्यायालय में अपने लंबित प्रकरणों को आपसी समझौते से शीघ्र और सरलता से निराकृत कराएँ।

## धरा गया सटोरिया

**कटनी।** कुठला पुलिस ने सट्टा पर्ची काट रहे एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार बिलहरी के मोती मंदिर के पास प्रशांत चौरसिया 33 साल निवासी बिलहरी को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से दो नग सट्टा पट्टी नगदी 340 रुपए जब्त किया गया है।

एनएच पर संयुक्त टीम ने की कार्यवाही, दुकानों के बाहर वाहनों की पार्किंग से हो रहे थे हादसे

# अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर, दो दर्जन से अधिक दुकानों को किया गया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

सुगम यातायात और सड़क हादसों को रोकने के उदेश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग की जमीन पर हुए अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पीरबाबा बायपास ओवर ब्रिज नेशनल हाईवे की जमीनों पर अतिक्रमण कर बनाईं गई दुकानों, चाय-पान के टपरों सहित अन्य अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने भी शनिवार की सुबह पहुंच कर स्थल निरीक्षण किया और अतिक्रमण हटाने के संबंध में एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी सहित नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों व राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान दो जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण हटाने का काम किया गया।

प्रशासन ने दो जेसीबी मशीनों और एक हाइड्रा क्रेन की मदद से इन पक्की और कच्ची दुकानों को जमींदोज किया। ये दुकानें सीधे हाईवे की जमीन पर अवैध रूप से निर्मित की






गई थीं। पीर बाबा बाईपास स्थित नेशनल हाईवे के किनारे बनी 25 से 30 अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य हाईवे को अतिक्रमण मुक्त करना था। प्रशासन के अनुसार, इन अवैध कब्जों के कारण हाईवे पर लगातार हादसे हो रहे थे और यातायात जाम की समस्या बनी हुई थी। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य इन समस्याओं को समाप्त कर सुगम यातायात सुनिश्चित करना है।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस और प्रशासनिक अमला तैनात रहा। एसडीएम, तहसीलदार, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि ये 25 से 30 अवैध दुकानें हाईवे से सटाकर बनाई गई थीं। इन दुकानों के कारण ग्राहकों के वाहन सड़क पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े होते थे, जिससे आवागमन बाधित होता था और हादसों की संख्या में वृद्धि हो रही थी।

## एस.आई.आर. फार्म के संग्रहण, डिजिटाइजेशन कार्य में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के पालन में कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता गहन पुनरीक्षण सूची 2026 का कार्य प्रगति पर है। नगरीय क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम सीमा के समस्त वार्डों में निवासरत नागरिकों की सुविधा एवं एस आई आर कार्य के दौरान गणना पत्रक वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में सहयोग के मद्देनजर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा निगम कर्मचारियों को संलग्न किया जाकर कार्य में गति लाने आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए है।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने शहरी क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम कार्यालय, तीन जोन कार्यालय सहित नगर के विभिन्न वार्डों में निगम कर्मचारियों द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण सूची 2026 के कार्यों गणना पत्रक के वितरण, संग्रहण तथा एस.आई.आर.फार्म डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संलग्न कर्मचारियों को डिजिटाइजेशन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में जाकर तथा गणना पत्रक भरने से वंचित रहे शेष नागरिकों से संपर्क कर फार्म भरने,जमा करने और डिजिटाइजेशन की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश भी संलग्न कर्मचारियों को दिए है। इस महत्वपूर्ण कार्य में संलग्न ऑपरेटरों को प्रतिदिन के लक्ष्य अनुरूप फार्म का डिजिटाइजेशन कर प्रतिदिन की रिपोर्ट से अवगत कराने की भी हिदायत दी है।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि फार्म भरने से लेकर वापसी कराने तथा डिजिटाइजेशन कर रिपोर्ट भेजने तक पूरी प्रक्रिया समयबद्ध सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। निगमायुक्त ने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रतिदिन लक्ष्य के अनुरूप कार्य कराया जाए, ताकि गहन पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो सके।

## कार्यक्रमों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव के अवसर पर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संचालन एवं कार्यवाही नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। शहरी क्षेत्र के लिये उपायुक्त नगर निगम शैलेष गुप्ता एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिये अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं अनुराग मोदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

स्लीमनाबाद तहसीलदार के आदेश को रखा यथावत

## सैनिक छावनी की भूमि से हटेगा अवैध कब्जा, एसडीएम ने अपील की ख़ारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद के ग्राम हरदुआ में 6 एकड़ से अधिक सैनिक छावनी की भूमि जिसपर विशेष समुदाय के द्वारा अवैध कब्जा किया गया था जिस पर ग्राम पंचायत, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने अवैध रूप से किये गये कब्जे को हटाने के आगे आकर आवाज बुलंद की थी ओर कब्जा हटाने तहसीलदार, एसडीएम ओर कलेक्टर को शिकायत की थी।

तहसीलदार स्लीमनाबाद के द्वारा अतिक्रमण की हुई भूमि खसरा नंबर 54 रकबा 2.72 हैक्टेयर की बारीकी से जाँच कराई। जाँच के लिए विधिवित दो -दो अलग अलग दल बनाकर भूमि का सीमांकन 15 अक्टूबर 2025 को



कराया गया। जाँच दल ने सीमांकन मै पाया कि उक्त भूमि जो सैनिक छावनी के नाम दर्ज है उस पर अवैध कब्जा होना पाया। जाँच दल जाँच प्रतिवेदन बनाकर तहसीलदार को सौपा।

स्लीमनाबाद तहसीलदार सारिका रावत ने 27 अक्टूबर को मुस्लिम समुदाय को उक्त भूमि से कब्जा हटाने का आदेश पारित किया जिसके बाद मुस्लिम समुदाय ने तहसीलदार के आदेश को एसडीएम कोर्ट में अपील की। एसडीएम राकेश चौरसिया ने मुस्लिम समुदाय के द्वारा की गईं अपील को शुक्रवार को ख़ारिज करते स्लीमनाबाद तहसीलदार के आदेश को यथावत रखा। एसडीएम ने अपने आदेश पर उल्लेख किया कि उपरोक्त सम्पूर्ण विवेचना से यह निष्कर्ष निकलता है कि स्लीमनाबाद तहसीलदार द्वारा पारित आलोच्य आदेश में किसी भी प्रकार हस्तक्षेप किये जाने योग्य नही पाया जाता है। अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील अस्वीकार की जाती है तथा स्लीमनाबाद तहसील न्यायलय के पारित आदेश को स्थिर रखा जाता है।

एसडीएम के द्वारा अपील ख़ारिज होने के बाद अब यें तों स्पष्ठ तौर पर साफ हो गया है सैनिक छावनी की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था जो अब प्रशासन द्वारा जल्द हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## फील्ड प्रोजेक्ट निर्माण पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



"प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस", शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में स्नातक के विद्यार्थियों हेतु फील्ड प्रोजेक्ट निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को फील्ड प्रोजेक्ट की रूपरेखा, उद्देश्य निर्धारण, तथा प्रश्नावली निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। इसके पश्चात प्रो. अजय कुररिया ने सर्वेक्षण तकनीक, टीम वर्क तथा प्रोजेक्ट के व्यवहारिक पक्ष पर मार्गदर्शन दिया और प्रोजेक्ट कार्य में अनुशासन एवं समय–सीमा के पालन पर बल दिया। प्रियंका गुप्ता ने सटीक, सरल एवं तथ्यों पर आधारित प्रश्नावली तैयार करने के टिप्स देते हुए कहा कि सुव्यवस्थित प्रश्नावली ही किसी भी शोध कार्य की सफलता का आधार होती है। वहीं डॉ. रामसहोदर साकेत ने विद्यार्थियों को शोध लेखन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फील्ड प्रोजेक्ट न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाता है, बल्कि यह विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, डाटा संग्रहण, एवं वास्तविक समस्याओं की समझ विकसित करने में भी सहायक होता है।

## डीपीएस में संविधान दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

डीपीएस कटनी में 'संविधान दिवस' के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे , उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर एवं ट्रैफिक पुलिस टी.आई राहुल पांडे भी उपस्थित थे । सभा में उपस्थित सभासद एवं बच्चों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि वे देश की संसद द्वारा बनाए गए संविधान एवं उसके नियमों का अक्षरशः पालन करेंगे तथा एक सच्चे नागरिक होने के नाते देश के संविधान का सम्मान करेंगे।

इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा राहुल पांडे का स्वागत किया गया । इस क्रम में राहुल पांडे ने अपने उद्बोधन से बच्चों को देश के संविधान का सम्मान करने एवं ट्रैफिक के नियमों का पालन करने



का संदेश दिया । आपने ₹राह वीर योजना₹ की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाता है और उसे किसी के द्वारा समय रहते अस्पताल में पहुँचाया जाता है तो उस व्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा इतना ही नहीं यदि घायल व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुँचाया जाता है तो संबंधित अस्पताल में घायल व्यक्ति का डेढ़ लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त में किया जाएगा।

इस संबंध में बहुत सटीकता से जानकारी दी तथा बच्चों को ट्रैफिक रूल्स का पालन करने के लिए प्रेरित किया। आपके द्वारा यह कहा गया कि 'राह वीर योजना' की अधिक से अधिक जानकारी लोगों तक पहुँचाई जाए ताकि लोग जागरुक हो सकें तथा किसी भी घायल पड़े व्यक्ति को उसी अवस्था में न छोड़कर बल्कि लोग उसे अस्पताल पहुँचाकर उसकी जान बचा सकें तथा मानवता का परिचय देते हुए उस परिवार की मदद कर सकें।

जागरूकता एवं आग लगाने पर प्रतिबंध का भी नहीं हो रहा असर

## खेतों की नरवाई में लगाई जा रही आग, जिम्मेदार नहीं कर रहे जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे खरीफ सीजन के बाद रबी सीजन की खेती का दौर चल रहा है।कृषको खेतो को तैयार कर रहे है।लेकिन खेतों को तैयार करने कृषक खेतो में फसल काटने के बाद खेत में आग लगाकर नरवाई अर्थात पराली जला रहे है ।जिससे पर्यावरण प्रदूषण व मिट्टी की उर्वरा शक्ति खराब हो रही है।जबकि जिले मे कलेक्टर ने जन सुरक्षा की दृष्टि से आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले मैं फसल कटवाई उपरांत किसानों द्वारा नरवाई जलाने को प्रतिबंधित किया लेकिन बहोरीबंद विकासखंड मे इस प्रतिबँधात्मक आदेश का पालन होते दिख नहीं रहा



है। राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारी बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे है जिस कारण बहोरीबंद विकासखण्ड के कृषक अपने खेतों में आग लगाकर गेहूं की बोवनी के लिए खेत जलाकर तैयार कर रहे हैं।

धान कटने के बाद यह क्रम जोरों से आरंभ हो गया है। रोज जगह जगह खेतों से उठते धुंए एवं आग की लपटों से इसे आसानी से समझा जा सकता है। बहोरीबंद विकासखण्ड अंतर्गत गुरुवार ग्राम मोहनिया राम, सुपेली, पाकर, मसंधा, किरहाई पिपरिया, भखरवारा सहित अन्य गाँवों मे कृषको ने खेतो मैं पराली जलाई जिससे धुंए से चारों ओर धुंध छाई रही। जबकि फसलों के छूटे अवशेषों को नष्ट करने के लिए कई आधुनिक उपकरण आ गए हैं।

इसके बावजूद किसान नरवाई जलाकर ही खेत साफ कर रहे है। जिससे पर्यावरण तो दूषित होता ही है, खेतों के मित्र कीट भी नष्ट होते हैं।कलेक्टर के द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र होते नहीं दिख रहा है, न ही जिम्मेदारी अधिकारी कोई ध्यान दे रहे।

### इनका कहना है

एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि कृषको को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।फिर भी यदि कृषक नही मान रहे है उनके खिलाफ कारवाई की भी की जा रही है ।आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 व 60 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

कलेक्टर ने बड़वारा विकासखंड में विकास एवं निर्माण किया निरीक्षण

## करनपुरा-1 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना बिजौरी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शनिवार को विकासखंड बड़वारा के ग्रामों का औचक भ्रमण कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य, बिजौरी में जल प्रदाय योजना, आंगनवाड़ी केन्द्र और निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य सहित विलायतकला उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया।

### नल-जल योजना का निरीक्षण

इसके बाद कलेक्टर ने करनपुरा-1 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना बिजौरी में नल-जल योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कर निरीक्षण किया और आम का पौधा रोपा। योजना का संचालन म.प्र. जलनिगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई शहडोल द्वारा किया जा रहा है।





योजना में कटनी एवं उमरिया जिले के कुल 107 ग्राम सम्मिलित है। जिसमें 47 ग्राम कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड के एवं शेष 60 ग्राम उमरिया जिले के हैं। इस नल-जल योजना से कटनी जिले के 47 ग्रामों की 48 हजार 410 लोगों को शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है।

कलेक्टर ने बिजौरी में करीब 37 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन का कार्य देखा और इसे पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र बिजौरी का भी अवलोकन किया और यहां मौजूद रही टीकाकरण टीम से चर्चा की।

### एसआईआर कार्य का निरीक्षण

कलेक्टर श्री तिवारी बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 46 पथवारी के स्कूल पहुँचे। जहाँ उन्होंने बीएलओ देववती सिंह से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि सौ-फीसदी डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो गया है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने बीएलओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और अन्य बीएलओ को इनके कार्यों का अनुकरण करने की बात कही। साथ ही समीप स्थित स्वास्थ्य केंद्र में पहुँकर एएनएम आरती श्रीवास्तव से अनमोल पोर्टल पर दर्ज जानकारियों प्रसूता कार्ड, महिलाओं को लगने वाले टीकाकरण तथा बच्चों के टीकाकरण के यूविन पोर्टल में एंट्री की स्थिति को भी स्वयं देखा।

### खरीदी केंद्र का लिया जायजा

कलेक्टर श्री तिवारी विलायतकला स्थित धान खरीदी केंद्र पहुँचे और खरीदी प्रभारी लखन पटेल को निर्देशित किया कि 1 दिसम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी को देखते हुए किसानों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करें। इस दौरान तहसीलदार ऋषि गौतम, अनुराधा सिंह, मध्यप्रदेश जल निगम के सहायक यंत्री राहुल मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ बड़वारा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएमराईज मॉडल स्कूल झिंझरी में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सीएम.राईज मॉडल स्कूल झिंझरी मे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिक निगम कटनी के माध्यम से की जानें आवश्यक कार्यवाही हेतु उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने निगम के विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे जाकर समस्त व्यवस्थाएं तय समय पर पूर्ण करानें के निर्देश दिए है।

उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यक्रम स्थल पर बच्चों की बैठक व्यवस्था का दायित्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री असित खरे को सौपा जाकर उनके साथ विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम को संलग्न किया गया है। इसी प्रकार नगर के सभी श्री कृष्ण मंदिरों, न्यास गोपालक संस्थाओं के पास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था का दायित्व प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन एवं उनकी टीम को सौंपा गया है। वहीं नगर के सभी श्रीकृष्ण मंदिरों एवं कार्यक्रम स्थल सीएम राईज स्कूल के आसपास विशेष साफ सफाई एवं रेखांकन आदि के कार्य हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को निर्देश प्रदान किए गए है।

उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम स्थल शुद्ध पेयजल व्यवस्था पानी के टैंकर एवं स्टॉल लगाकर वितरण की व्यवस्था करने, बैकड्राप, प्रदर्शनी एवं आवश्यकतानुसार फूल माला बुके स्वल्पाहार की व्यवस्था कराने, विभागीय स्कूल की प्रदर्शनी लगाने, कार्यक्रम स्थल में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कराने, यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर पार्किंग की व्यवस्था कराने निर्देश दिये गये हैं।

खबर संक्षेप

## पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति को 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, करीब 8 साल पहले फरियादी की शादी आरोपी राजकुमार बसोर से हिंदू रीति रिवाज अनुसार हुयी थी। उक्त शादी से उसके दो पुत्र हैं। आरोपी राजकुमार फरियादी के साथ मारपीट करता था और उससे कहता था कि तुम्हारा यहां कोई हिस्सा नहीं है, अपने मायके जाकर रहो। जब फरियादी ने यह बात अपने घरवालों को बतायी तो मायके वालों ने यह समझाइश दी कि सब ठीक हो जाएगा। दिनांक 01.06.2022 को आरोपी द्वारा शाम के 06:00 बजे उनके साथ लात घूसों से मारपीट की गयी थी, जिसके कारण उनके दाहिने पैर, पीठ, दोनों गालों एवं बायें हाथ के कोचे में दर्द हो गया था। इसके अलावा आरोपी ने फरियादी को यह कहकर डराया था कि यदि उसने रिपोर्ट की तो वह उसे, उसके भाइयों के उपर तांत्रिक विद्या करवा देगा। उक्त घटना के बारे में फरियादी ने अपने भाई सुदामा वंशकार, सुरेश वंशकर व भाभी तुलसा व राजकुमारी को बताया था। इसके पश्चात 03.06.2022 को महिला थाना पन्ना में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। थाना द्वारा इसके पश्चात समस्त विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय सुश्री इकरा मिन्हाज, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री दीपका पटेल द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- राजकुमार बसोर के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- राजकुमार बसोर को भादंसं. की धारा 498ए में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**पन्ना।** लोकतांत्रिक व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान दोहराया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 31 और 32 के तहत यदि कोई व्यक्ति एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

कृषि कार्य के लिए खरीदे जाते हैं ट्रैक्टर ट्राली लेकिन निर्माण सामग्री ढोने में हो रहा उपयोग

# ट्रैक्टर ट्रालियों में बेतरतीब तरीके से रखकर ढोई जा रही लोहे की छड़ें, हादसे का खतरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

कृषि कार्य के लिए खरीदे जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली का व्यवसायिक उपयोग करते हुए असुरक्षित तरीके से निर्माण सामग्री जैसे लोहे की छड़े, रेत गिट्टी, मुरम आदि की ढुलाई की जा रही है। ट्राली से लोहे की राडे 4 फीट तक बाहर निकली रहती है, जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालकों के साथ हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। जबकि ट्रैक्टर का उपयोग कृषि कार्य में होने के कारण आरटीओ से टैक्स में राहत मिलती है। जिसका लाभ उठाते हुए व्यवसायिक उपयोग कर निर्माण सामग्री को ढोने में उपयोग किया जा रहा है। सबसे अधिक खनिज सामग्री ढोने का काम हो रहा है। रात में मार्ग पर चलते वाहनों में कई कमियां होने के कारण खतरा बना रहता है। बावजूद सवारियां ढोने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस और आरटीओ द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तेंदूखेड़ा नगर के मुख्य मार्गों पर बेखौफ होकर लोहे की राडें सहित निर्माण से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दौड़ती हुई नजर आ रही हैं वहीं उक्त वाहन में बड़ी संख्या में सवारियां बैठाकर भी ढोई जा रही है।

### अवैध उत्खनन में सक्रियता ज्यादा

ट्रैक्टर-ट्रॉली का व्यवसाय में उपयोग सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले गांव में खुलेआम ट्रैक्टर ट्राली द्वारा रेत, गिट्टी, मुरम, पत्थर का परिवहन बैखौफ हो रहा है। कई ट्रैक्टर ट्रॉली रोजाना मटेरियल सप्लाई में दौड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं यह ट्रैक्टर अवैध खनन करते हुए भी बिना नंबर के थाने के सामने और तहसील एसडीएम कार्यालय के सामने से बेखौफ गुजर रहे हैं। जिन पर जिम्मेदारों की नजर नहीं है। पूर्व में पुलिस, खनिज, वन विभाग की कार्यवाही में भी कई ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से सामग्री ढोते हुए पकड़े गए है।

### हादसों के बाद भी नहीं लिया सबक

वर्ष 2024 में अगस्त माह में जिले के बटियागढ़ क्षेत्र के फतेहपुर के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चार लोगों की मौत हो गई थी और दो दर्जन लोग घायल हुए थे। बीते 9 नवंबर 2023 में तेदूखेड़ा थाना क्षेत्र पांजी के पास भी रात के वक्त श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो महिलाओं मौत सहित 19 लोग घायल हुए थे। जबकि आए दिन छुट-पुट घटनाएं सामने आती रहती है। पूर्व में अन्य हादसे भी घटित हो चुके हैं।

### न नंबर प्लेट, ना ही रेडियम

सड़क पर दौड़ रहे ट्रैक्टरों में तेज आवाज के स्पीकर पर गाने बजते सुने जा सकते हैं। इनके चालक तेज गति से ट्रैक्टर दौड़ाते हैं, जिन्हें गाने की तेज आवाज में दूसरे वाहनों के हॉर्न सुनाई नहीं देते है। इससे अक्सर दुर्घटना घटती है। वहीं हजारों रुपए साज-सज्जा पर खर्च करने के बावजूद इनमें न तो नंबर डले होते हैं, न ही ट्रॉली पर पीछे रेडियम की पट्टी होती है। इससे रात के समय पीछे से आने वालों को उक्त ट्रैक्टर नहीं दिखते और पीछे से दूसरा वाहन टकराने से हादसे होते रहते हैं वहीं इन वाहनों के पीछे की न तो लाइट जलती है और न ही सचेत करने के लिए लाल कपड़ा बांधा जाता है।

### नौसिखिये दौड़ा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली

जांच-पड़ताल में एक बात भी सामने आई कि अधिकांश ट्रैक्टर ट्रॉलियां नौसिखिये ही चला रहे हैं। ज्यादातर चालकों के पास परिवहन विभाग से जारी होने पाला लाइसेंस भी नहीं है उधर विभागीय कार्यवाही नहीं होने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से सामग्री की ढुलाई का चलन बढ़ता जा रहा है। साथ ही राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। ट्रैक्टर के चालक अप्रशिक्षित होने के साथ ही कुछ तो नाबालिग भी नजर आए है, जो तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए दिख रहे हैं। उनकी धमाचौकड़ी से नगर की यातायात व्यवस्था भी बिगड़ रही है। कई बार हादसे भी हो चुके हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ट्रैक्टर ट्रॉलियों की अन्य वाहनों की तरह फिटनेस की भी जांच नहीं होती है और बिना फिटनेस के ट्रालियां धड़ल्ले से सड़कों और गलियों में दौड़ती हुई नजर आ रही है।

## गोंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित भव्य प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय आज से होगा कार्यक्रम

**हटा।** गोंड जनजातीय की सांस्कृतिक, शौर्य परक, आध्यात्मिक निरंतर की प्रस्तुतियों में बताना लक्षित किया गया है। इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से गोण्ड साम्राज्य के 52 गढ़ों में से पहले चरण में 30 गढ़ों में प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय समारोह जननायक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे ने बताया कि आज 30 नवम्बर से 2 दिसंबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसका शुभारंभ आज शाम 6: 30 नगर के बस स्टैंड स्थित सराय प्रांगण में प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन राज्य मंत्री श्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह, दमोह विधायक जयंत मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्वातंत्र्य समर की अप्रतिम गोण्ड नायिका वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा पेमलशाह एवं राजा हीराखान सिंह नृत्य नाट्य की प्रस्तुति दी जा रही है। विभाग की ओर से प्रस्तुतियों का निर्देशन एवं पुनर्संयोजन रामचंद्र सिंह, नवीन सिंह श्याम, श्री आशीष पटेल द्वारा कराया गया है। सीएमओ खरे ने नगर वासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## भाजपा प्रदेश मंत्री के प्रथम आगमन पर युवा टीम ने किया भव्य स्वागत



**हटा।** भारतीय जनता पार्टी के संभाग के प्रभारी प्रदेश के महामंत्री गौरव रणदेवे का भव्य स्वागत किया गया। हटा विधानसभा में प्रथम प्रवास पर भारतीय जनता पार्टी के संभाग के प्रभारी प्रदेश के महामंत्री आदरणीय गौरव रणदेवे की हटा विधानसभा में प्रथम आगमन पर भाजपा युवा नेता जनपद सदस्य शैलेष पटेल के साथ युवा मोर्चा टीम के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शैलेष पटेल, राजवीर चौहान ,सत्यम राजपूत ,शुभम सोनी एवं अन्य युवा साथियों की उपस्थिति रही।

# विश्व विजेता ब्लाइंड क्रिकेट टीम का राष्ट्रपति भवन में सम्मान

### महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित, जबेरा की सुषमा पटेल रहीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



भारत की विश्व विजेता ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। इस ऐतिहासिक पल में दमोह जिले की जबेरा जनपद की बेटी सुषमा पटेल ने पूरे समारोह का ध्यान अपनी ओर खींचा। विश्व कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली सुषमा को राष्ट्रपति ने विशेष रूप से बधाई देते हुए उनके संघर्ष, समर्पण और जज़्बे की सराहना की।

महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की यह उपलब्धि भारत के खेल इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने योग्य है। उन्होंने कहा कि "ये खिलाड़ी हमें सिखाते हैं कि जीत आंखों से नहीं, बल्कि जज़्बे, हिम्मत और आत्मविश्वास से हासिल होती है। छोटे से गांव घाना मैली (जबेरा) से आने वाली सुषमा पटेल ने विश्व कप में अपनी गेंदबाज़ी और फील्डिंग से कई निर्णायक मौकों पर टीम को मजबूती दी। उनकी प्रतिबद्धता और खेल के प्रति जुनून ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सम्मान समारोह में सुषमा ने कहा कि यह सम्मान उनके जीवन का सबसे बड़ा गौरव है और यह पल उन सभी बेटियों को प्रेरित करेगा जो सीमित साधनों के बावजूद बड़े सपने देखती हैं।

सुषमा के सम्मानित होने की खबर से जबेरा और पूरे दमोह जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव में मिठाइयाँ बाँटी गईं, लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व खेल प्रेमियों ने इसे जिले का अभूतपूर्व गौरव बताया। ग्रामीणों ने कहा कि सुषमा ने सिद्ध कर दिया है कि वास्तविक प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती।

प्रदेश के खेल संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और नेताओं ने भी सुषमा को बधाई संदेश भेजे और दमोह व जबेरा में उनके स्वागत की तैयारियाँ शुरू कर दी हैं।

विश्व विजेता टीम के इस सम्मान ने दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के मनोबल को नई ऊँचाई दी है और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह उपलब्धि प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# जननायक कार्यक्रम में वीर गाथाओं की गूंज

### राजा हीराखान क्षत्रिय और रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नाटकों का भव्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मडियादो में आयोजित जननायक कार्यक्रम के दूसरे और तीसरे दिन वीरता, त्याग और इतिहास की अमर कहानियां मंच पर जीवंत हुईं। भोपाल, सीधी सहित अन्य जिलों से आए कलाकारों ने राजा हीराखान क्षत्रिय और रानी दुर्गावती के जीवन प्रसंगों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत से हुआ। दूसरे दिन प्रस्तुत नाटक में राजा हीराखान क्षत्रिय की जन्मकथा, संघर्ष और पराक्रम को प्रभावी तरीके से दिखाया गया। नाटक में दर्शाया गया कि जन्म के तुरंत बाद ही उनका जीवन संघर्षों से भर गया था, जब राज्य विस्तार की लालसा रखने वाले एक क्रूर राजा ने उनके पिता की हत्या कर दी। कहानी में एक भावनात्मक मोड़ तब आता है जब हीराखान के पिता का वफादार घोड़ा उस क्रूर राजा की बेटी को लेकर वापस लौट आता है। बाद में हीराखान की मां उस लड़की का विवाह अपने पुत्र हीराखान से कर देती हैं। अपने पूर्वजों की हत्या का बदला लेने के संकल्प के साथ हीराखान अपनी पत्नी के साथ प्रतिशोध की राह पर निकल पड़ते हैं। नाटक में यह भी दिखाया गया कि राजा सतपरिया जो अब हीराखान के ससुर थे, बारह वर्षों से राज्य विस्तार के लिए निकले थे और संकट में फंस गए थे, जिन्हें बचाने का दायित्व हीराखान क्षत्रिय ने निभाया। गोण्ड सभ्यता के पूज्य देव 'बड़ा देव' की कृपा से हीराखान ने क्रूर और तानाशाह राजाओं पर विजय प्राप्त की। कई बार विश्वासघात झेलने के बावजूद उनकी वीरता और महानता के आगे सभी षड्यंत्र विफल हो गए। तीसरे दिन कलाकारों द्वारा रानी दुर्गावती के शौर्य, नेतृत्व और 52 गढ़ विजय की ऐतिहासिक गाथा का प्रभावी मंचन किया गया। रानी के पराक्रम, दूरदर्शिता और बलिदान की कथा ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। जननायक कार्यक्रम की इन प्रस्तुतियों ने न केवल ऐतिहासिक धरोहर को पुनर्जीवित किया, बल्कि समाज को साहस, निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश भी दिया।

# उपचार से बची आदिवासी नवजात शिशु की जान



**दमोह।** विकासखंड तेन्दूखेड़ा के ग्राम हथोली के रहने वाले एक परिवार दशोदा-नरेश आदिवासी के 33 दिन के नवजात शिशु की स्वास्थ्य स्थिति लगातार गिर रही थी। वे शिशु को अस्पताल लाने के इच्छुक भी नहीं थे। इस गंभीर मामले की सूचना जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी तक पहुॅची। उन्होने बिना विलंब एसडीएम तेन्दूखेड़ा सौरभ गंधर्व को शिशु की गिरती स्वास्थ्य हालत के बारे में अवगत कराया और बताया कि बच्चे के अभिभावक अस्पताल ले जाने के लिए तैयार नहीं है। जबकि शिशु की स्थिति चिंताजनक है। एसडीएम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए परिवार को उचित परामर्श देकर बच्चे को जिला चिकित्सालय पीआईसीयू दमोह में भर्ती कराया गया। डॉ. जलज बजाज, नर्सिंग स्टॉफ और सहयोगी कर्मचारियों के सात दिनों तक की गई शिशु की समर्पित स्वास्थ्य देखभाल से आज शिशु को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। पीआईसीयू में भर्ती के समय शिशु का वजन केवल 1800 ग्राम था तथा गंभीर संक्रमण की स्थिति पाई गई। सात दिनों तक पीआईसीयू में डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ और सहयोगी कर्मचारियों ने निरंतर निगरानी और शिशु की समुचित देखभाल की गई। उपचार के दौरान शिशु का वजन 200 ग्राम बढ़ा, जो उसके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय प्रगति का महत्वपूर्ण संकेत था। उपचार के दौरान शिशु की मॉ बार-बार नवजात को घर ले जाने की जिद करती रही, परंतु टीम ने धैर्यपूर्वक समझाते हुए बताया कि बच्चे की जान बचाने के लिए उसका पीआईसीयू में रहना आवश्यक है। लगातार परामर्श और दिए जा रहे स्वास्थ्य उपचार और देखभाल से बच्चे को अस्पताल में रखने के लिए सहमत हुई। अंतरा फाउण्डेशन ने भी पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। सात दिनों की समर्पित स्वास्थ्य देखभाल से आज शिशु को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। मॉ को शिशु के आगे के फॉलोअप के लिए समझाइश दी गई। मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को भी शिशु के स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी रखने की हिदायत दी गई।

# दो अलग-अलग घरेलू विवाद के चलते बेटे ने मां और देवर ने भाभी के साथ की मारपीट

### शिकायत पर दोनों मामलों में अपराध दर्ज

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों में दो अलग-अलग मामलों को लेकर अपने- अपने रिश्तो को तार- तार करते हुए एक रिश्ते में बेटे ने अपनी मां के साथ मारपीट कर दी जबकि दूसरे में देवर ने अपनी मां समान भाभी और पत्नी के साथ मारपीट कर दोनों ही रिश्तों पर बड़ा दाग लगा दिया। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि फरियादिया पार्वती शर्मा पति परम लाल शर्मा उम्र 40 साल निवासी मडिया राव ने अपनी मौखिक रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि मेरा देवर आरोपी संतोष शराब के नशे में आया और घर में बहस चल रही थी जिसमें बीच के बीच अचानक बोला और मुझे गाली गलौज करने लगा मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट कर दी। मुझे डंडा मारा और कई प्रकार की बुरी बुरी गालियां दी इस विषय में वह अपनी पत्नी को पहले ही मारपीट कर चुका था घटना में दोनों देवरानी और जेठानी गंभीर रूप से चोटिल हुई है। यहां फरियादिया भाभी की रिपोर्ट पर आरोपी देवर संतोष के विरुद्ध पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है। दूसरे मामले में फरियादिया गुलाब पति स्वर्गीय राजेंद्र सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी मेहदवा ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, कि 28 नवंबर की शाम उसके घर में नंद और भोजाई के घरेलू बातचीत के साथ एक विषय को लेकर थोड़ी सी बहस चल रही थी। जहां इसका बेटा आरोपी सोनू उर्फ महिपाल सिंह राजा आया और बेवजह गालियां देने लगा मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने मेरे साथ मारपीट की और नाना प्रकार की गालियां देते हुए मुझे अपमानित किया यहां एक बेटे ने अपनी मां के साथ बुरी- बुरी गालियां देते हुए मारपीट कर एक बड़े रिश्ते को कलंकित कर दिया उसकी फरियादी मां ने अपने दामाद के साथ थाना उपस्थित होकर घटना की सूचना पुलिस को दी जिस पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी बेटे सोनू और महिपाल सिंह के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

## दो प्रकरणों में साढ़े पांच हजार रूपये का किया ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत दो प्रकरण में पाँच हजार पाँच सौ रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 753/25 धारा 108 बीएनएस 3(2)5, 3(2)5क, 3(1)द, 3(1)घ एससी, एसटी एक्ट के तहत आरोपी धीरेन्द्र सिंह राजपूत पिता स्व. प्रताप सिंह राजपूत निवासी सागर नाका पुलिस चौकी के पीछे हिरदेपुर थाना दमोह देहात पर 2500 रूपये एवं नीतू पति धीरेन्द्र सिंह राजपूत निवासी सागर नाका पुलिस चौकी के पीछे हिरदेपुर थाना दमोह देहात पर 2000 रूपये का इनाम घोषित किया है।

कलेक्टर के समक्ष डिग्रेडेबल पॉलिथीन का डेमो देकर योजना से अवगत कराया...

# पर्यावरण को बचाने के काम को लेकर दमोह के एक युवा उद्यमी आगे आये

**दमोह।** पॉलीथिन और उससे बने उत्पादों के कारण पर्यावरण को नुकसान हो रहा है. गाय एवं अन्य पशुओं की पॉलिथीन के कारण लगातार पशुहानी हो रही हैं।. इसको बचाने के लिए समाजसेवी एवं उद्यमी प्रदीप चक्रवर्ती ने डिग्रेडेबल जैविक पॉलिथीन इस्तेमाल करने का अभियान शुरू किया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने श्री चक्रवर्ती के इस डेमो से प्रभावित होकर आस्वस्त किया कि वह संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक रखेंगे तथा उनके सवालों का शंका समाधान किया जाएगा। इस काम को आगे बढ़ाने के लिए दमोह के समाजसेवी एवं उद्यमी प्रदीप चक्रवर्ती ने कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से भेंटकर डिग्रेडेबल जैविक पॉलिथीन का डेमो देकर पर्यावरण को बचाने की अपनी योजना से अवगत कराया। श्री चक्रवर्ती ने बताया पॉलीथिन और पॉलीमर से बने हानिकारक उत्पादों के कारण लगातार पर्यावरण को क्षति हो रही है. लेकिन प्रशासन के प्रयास तभी कारगर साबित होंगे जब इसमें आमजन का सहयोग मिलेगा। पॉलीथिन और उससे बने उत्पादों के कारण पर्यावरण को नुकसान हो रहा है. गाय एवं अन्य पशुओं की पॉलिथीन के कारण लगातार पशुहानी हो रही हैं।. इसको बचाने के लिए उन्होंने डिग्रेडेबल जैविक पॉलिथीन इस्तेमाल करने का अभियान शुरू किया है। श्री चक्रवती ने बताया कि पहले डिग्रेडेबल पॉलिथीन का रॉ मैटेरियल यूएसए से आता था तथा इसका निर्माण मुंबई आदि महानगरों में होता था. लेकिन अब भारत में ही प्राकृतिक चीजों से डिग्रेडेबल जैविक पॉलिथीन और पाली बैग बनाए जा रहे हैं. जो पानी, मिट्टी या गोबर इत्यादि के संपर्क में आने पर 60 दिन में अपने आप ही गल जाते है। इन पॉलिथीन का निर्माण पॉलीमर से नहीं बल्कि मक्का, फल एवं सब्जियों के छिलकों, धान की भूसी आदि के प्रक्रिया किए हुए रेशों से किया जाता है। यह पर्यावरण के लिए बिल्कुल भी हानिकारक नहीं हैं, यदि इसे सीधे मीथेन लिक्विड में डाला जाए तो 5 सेकंड के अंदर ही यह पूरी पॉलिथीन गल जाती है. लेकिन यदि इसे नेचुरल तरीके से डिग्रेडेबल करना हो तो इसे 60 दिन लगते हैं. पॉलीमर और नेचुरल तरीके से बनाई गई पॉलिथीन के रेट में भी कोई अंतर नहीं है. दोनों का रेट बाजार में एक ही है. इसलिए लोगों को जैविक पॉलिथीन की तरफ शिफ्ट होना चाहिए ताकि हम पर्यावरण और पशुओं को बचा सके।



### पहचान है आसान

उन्होंने बताया कि डिग्रेडेबल के नाम पर पॉलीमर से बनी नकली पॉलिथीन भी बाजार में उपलब्ध है. जो किसी भी तरह से अपने आप सड़ती गलती नहीं है. सिर्फ उन पर मार्का लगा रहता है कि यह डिग्रेडेबल हैं. असली और नकली पहचान कर ही खरीदें. नकली पॉलिथीन हल्की सी खुरदरी तथा खींचने पर फटती नहीं है, पकड़ने पर हल्की गर्म होती है. जबकि असली पॉलिथीन मलमल के कपड़े की तरह एकदम मुलायम और छूने पर ठंडी महसूस होती है खींचने पर तुरंत ही फट जाती है( श्री चक्रवर्ती ने बताया यह केवल फल सब्जी या अन्य सामग्री रखने के लिए ही इस तरह की पॉलिथिन नहीं हैं. बल्कि जूस, द्रव्य पदार्थ तथा गर्म चाय इत्यादि के लिए भी अलग-अलग पैरामीटर पर तैयार की गई जैविक पॉलिथीन भी उपलब्ध हैं, जिसमें खाद्य सामग्री रखने पर उनका कोई दुष्प्रभाव खाद्य सामग्री पर नहीं पड़ता है. वह पूरी तरह से सुरक्षित रहती हैं और उनमें विषैले तत्व नहीं आते हैं। यदि इन्हें गाय या कोई अन्य जानवर खा लेता है तो वह जैविक पॉलिथीन अपने आप मल के द्वारा गल कर बाहर निकल जाती हैं, नाली या पानी या मिट्टी के संपर्क में आने पर 60 दिन में अपने आप गल जाती है। इस डेमो से प्रभावित होकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने उपस्थित सभी लोगों को आस्वस्त किया कि वह संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक रखेंगे तथा उनके सवालों का शंका समाधान किया जाएगा। पर्यावरण बचाने के लिए हम लोगों से अपील करेंगे कि वह हानिकारक केमिकल और पॉलीमर से बने उत्पादों की बजाय जैविक पॉलीबैग का इस्तेमाल करें।

**खबर संक्षेप**

### आज होगी प्रोगेसिव पेंशनरों की बैठक

**तेंदूखेड़ा।** रविवार दोपहर तीन बजे से नगर के डाक्टर जेपी खरे की अस्पताल परिसर में प्रोगेसिव पेंसनर एसोसिऐसन शाखा तेंदूखेड़ा की विशेष मासिक बैठक आयोजित की जाएगीं। ऐसोसिएसन के अध्यक्ष डाक्टर ओपी अवस्थी ने बताया है कि बैठक में पेंसनरो के हित में अनेक निर्णय लिए जाएगे। साथ ही अनेक विन्दुओ पर चर्चा के साथ पेंसनरो का वार्षिक उत्सव माने पर भी चर्चा होगी। अध्यक्ष ने सभी पेसनरो से बैठ में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 1 दिसम्बर को

**दमोह।** अतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 01 दिसंबर को 10:30 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह/ हटा/ पटेरा/ तेंदूखेड़ा/ पथरिया/ बटियागढ़/ जबेरा में किया जा रहा है, कार्यक्रम में 15वें अध्याय का पाठ किया जाना है, कार्यक्रम में सभी से उपस्थिती का आग्रह किया गया है, कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक जन एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रहेगी।

### अज्ञात जिला अस्पताल में इलाजरत

**दमोह।** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका उपचार जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है, चल रहा है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया है, कि यदि वे उस भर्ती व्यक्ति के बारे में कुछ जानकारी रखते हो तो जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल को अवगत कराने का कष्ट करें।

राज्यमंत्री ने किया भूमिपजन, छात्र छात्राओं को वितरित की साईकिल

# पथरिया और बटियागढ़ में बनेगा स्पोर्ट्स कांपलेक्स, भूमि आवंटित

**राज्यमंत्री ने एमएलबी गर्ल्स स्कूल में हाइडलबर्ग सीमेन्ट के अंतर्गत (सीएसआर) फंड से हो रहे निर्माण कार्यो का किया भूमिपूजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



पथरिया और बटियागढ़ में एक-एक स्पोर्ट्स कांपलेक्स जो संपूर्ण स्पोर्टस कांपलेक्स होगा जैसे दमोह का स्पोर्ट्स कॉपलेंक्स साढ़े चार करोड़ की लागत से बना हुआ है, पथरिया और बटियागढ़ में भी दस-दस एकड़ जमीन आवंटित हो गई और आरक्षित करके खेल विभाग को ट्रांसफर भी कर दी जिसका बहुत जल्दी टेंडर करके और उसका काम प्रारंभ हो जाएगा। उन्होने कहा बहुत सारे विकास और निर्माण के काम यहां पर चल रहे हैं, लगभग 15-16 सड़के स्वीकृत हुई है जिनका टेंडर होकर काम भी प्रारंभ गये हैं, मुख्य सड़के तो सारी बन गई अब कोई गॉव ऐसा नहीं है जो सड़क विहीन हो। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने आज महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स स्कूल और सांदीपनि स्कूल पथरिया में साईकिल वितरण समारोह में व्यक्त किये।

राज्यमंत्री श्री पटैल ने हाइडलबर्ग सीमेंट फैक्टरी के अधिकारियों से कहा तीन कमरों से काम नहीं चलेगा। तीन कमरे और एक बाथरूम और बन जाए तो हाइडलबर्ग सीमेंट फैक्टरी के अधिकारियों ने वहीं पर तुरंत घोषणा की। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा मुझे लगता है 5-6 महीने के अंदर कमरे बन करके तैयार होगे जो बच्चों के लिए, स्कूल के लिए मदद करेंगे। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा साईकिल वितरण के साथ ही साढ़े पांच करोड़ की राशि से करीब 06 स्कूल में जिनमें बॉसा-कला एक्सीलेंस स्कूल, कन्या शाला और बटियागढ़ के तीन स्कूल शामिल है, उनमें अतिरिक्त कक्ष, स्मार्ट क्लास, फर्नीचर के लिए यह राशि स्वीकृत हुई है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा बोतराई में हाइडलबर्ग सीमेंट फैक्टरी ने तीन कमरे बना देगे तो वहॉ पर हायर सेकेण्डरी स्कूल हो जायेगा तो उन्होने अच्छे तीन कमरे बना दिये है जल्द ही बोतराई हायर सेकेण्डरी स्कूल का भी शुभारंभ हो जायेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ ही सांदीपनी विद्यालय में निशुल्क साईकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ इसके लिए प्रदेश सरकार और राज्यमंत्री लखन पटेल का धन्यवाद करना चाहती हूॅ। प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओ की शिक्षा की राह को आसान बनाने के लिए निरन्तर कार्य रही है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे ने एवं पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के पहले राज्यमंत्री लखन पटैल ने महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स स्कूल में हाइडलबर्ग सीमेन्ट इंडिया लिमिटेड के सामाजिक दायित्व कार्यो के अंतर्गत (सीएसआर) फंड से तीन कमरो का निर्माण और उसके साथ वहां पर शौचालय निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। छात्राओं ने अपनी मांगें रखी जिस पर राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा आगामी समय में छात्राओं की मांगों को पूरा किया जायेगा। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटैल ने स्कूल की छात्रा स्नेहा ठाकुर का एक भारत श्रेष्ठ भारत में चयन होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स स्कूल में 145 साइकिल और सांदीपनी सीएम राईज स्कूल में 30 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष पथरिया खरगराम पटैल, हेडलवर्ग सीमेंट कंपनी के क्लसटर हैड श्री सुरेशचंद्र दुबे, नरेन्द्र सराफ, रमेश कुशवाहा, योगेश चौधरी, नीलेश सिंह, कुलदीप पटैल, प्रीतम पटैल, अनिल प्रजापति, रूपेश सोनी, नंद किशोर चौरसिया, राजू शर्मा, रूपेश पटैल, सुकई पटैल, अरविंद पटैल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण और संस्था के छात्र-छात्रायें और सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे।

# मडियादो के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा देने जाना पड़ेगा काईखेड़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭ मडियादौ

अब मडियादो में 10 वीं ओर 12 वीं वाले छात्रों को बोर्ड परीक्षा देने काईखेड़ा जाना पड़ेगा। इसका कारण मडियादो का बोर्ड परीक्षा केंद्र काईखेड़ा बनाया जाना माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रस्तावित किया गया है जिसके लिए मडियादो का बोर्ड परीक्षा केंद्र हटाकर काईखेड़ा किए जाने संबंधी प्रस्ताव जारी हुआ है। अगर मडियादो बोर्ड परीक्षा के लिए आवश्यक नियम शर्तें पूरी नहीं करता है तो अब मडियादो में पढ़ने वाले 10 वीं ओर 12 वीं के छात्रों को काईखेड़ा गांव स्थित स्कूल में परीक्षा देने जाना पड़ेगा। हालांकि मडियादो बहुत ही पुराना ओर सभी सुविधाएं से परिपूर्ण बोर्ड परीक्षा का केंद्र है अतः बदलाव करना सिर्फ छात्रों की परेशानी बढ़ाना है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडियादो में कल्कुआ, घोघरा, पाटन, चोरइया ,खडपुरा, पाली, पाठा, कनकपुरा, मादो, मलवारा , तिदनी, चंदेना, मुहरई, अमझीर, करकोई, शिवपुर सहित अन्य गांवों के छात्र यहां पढ़ते है । यह छात्र मडियादो में अध्ययन करने आने ओर परीक्षा देने के लिए पहले से 20 किमी तक की दूरी तय करते है। अब अगर काईखेड़ा को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है तो उनकी परेशानी ओर बढ़ जाएगी। बता दे काईखेड़ा जाने के लिए आवागमन के साधन नहीं है जबकि मडियादो में 10 वीं ओर 12 वीं में तीन सौ से अधिक छात्र अध्यनरत है। केंद्र बदलाव के दौरान दावा आपत्ति के लिए तय मानक में मडियादो स्कूल पूर्ण खरा उतरता है। परीक्षा के लिए पर्याप्त कमरे,बरामदा, सीसीटीवी कैमरे सभी जगह, बालक / बालिका के लिए अलग अलग प्रसाधन सुविधा, विद्युत व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था, परीक्षा केंद्र के पास कोई भी शराब दुकान या अन्य अवांछित दुकान नहीं है। इसलिए परीक्षा केंद्र बदलाव करना अनुचित है। जिला पंचायत सदस्य मडियादो मोहिनी/ अभिषेक जैन, जनपद उपाध्यक्ष हटा राजकुमारी छिरोलिया, सरपंच राधारानी अहिरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश, वरिष्ठ नेता डॉ रामगोपाल सोनी, कांग्रेस नेत्री मंजुलता श्रीवास्तव, गणेश सोनी, सियाराम छिरोलिया, हरप्रसाद तंतुवाय, बसंत अग्रवाल, कड़ौरी आदिवासी, बिरजू आदिवासी, रामकरण अहिरवार , पूर्व बीईओ एससी छिरोलिया, सेवानिवृत शिक्षक सुरेश मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि सुरेश पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विष्णु सोनी,ओर गांव के जागरूक युवाओं द्वारा परीक्षा यथावत रखने की मांग की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन की बात कही जा रही है।

विधायक हटा उमादेवी खटीक ने कहा किमडियादो वनांचल में शिक्षा ककेंद्र है। परीक्षा केंद्र के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध है। मडियादो परीक्षा केंद्र न बदला जाए इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा । प्राचार्य रवि दुबे ने बताया कि जिला कलेक्टर से पत्र आया है जिसमें परीक्षा केंद्र सत्यापन की रिपोर्ट मांगी गई। मडियादो स्कूल का बोर्ड परीक्षा केंद्र के लिए उपयुक्त ओर सर्व सुविधा युक्त है। मडियादो का परीक्षा केंद्र काईखेड़ा न बनाया जाए यह पत्र वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जा रहा है ।

# टिकरी बुजुर्ग में 3.50 किमी सड़क निर्माण का भूमिपूजन, विकास को मिली नई रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

।क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग आखिरकार पूरी हो गई। दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने आज टिकरी बुजुर्ग में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत 3.50 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। यह सड़क बादंकपुर–बलारपुर मार्ग को टिकरी बुजुर्ग, सिंगपुर और हलगजिया से जोड़ते हुए ग्रामीण संपर्क को नई दिशा देगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों ने इसे गांव के विकास का ऐतिहासिक कदम बताया। ग्रामीणों का कहना था कि वर्षों से खराब मार्ग के कारण आवागमन बाधित था, वहीं अब सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार गतिविधियों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक जयंत मलैया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है और टिकरी बुजुर्ग सहित आसपास के गांवों में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समयसीमा में पूरा कराया जाएगा।कार्यक्रम के दौरानपं. अखिलेश हजारी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर,चटन पटेल, पप्पू लोधी, सुनील डबुल्या,बृजेश ठाकुर, मुकेश सिंह (ग्राम सरपंच सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक मलैया के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सड़क निर्माण न केवल सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को नई रफ्तार भी देगा।

# जन सहभागिता से किया गया बोरी बंधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

जल संचय अभियान अंतर्गत ग्राम पिपरिया टिकरी में ग्रामवासियों द्वारा जन सहभागिता से बोरी बंधान का कार्य किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था मिशन जन जागृति युवा मंडल समिति के द्वारा विकासखंड दमोह के सेक्टर बांदकपुर के ग्रामपंचायत पिपरिया टिकरी में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ नर्मदा के पूजन के साथ किया गया।इसके बाद ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वंदना जैन ने जल संचय अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के निर्देषशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश में बोरी बँधान का कार्य किया जा रहा है। उसी क्रम में आपके ग्राम में यह श्रमदान के तहत बोरी बँधान का कार्य किया गया।

इस अवसर पर ग्रामपंचायत सरपंच तखत सिंह ने कहा कि जल संरक्षण हेतु ग्रामवासियों के सहयोग से बोरी बँधान का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों के द्वारा श्रमदान से बोरी बँधान किया गया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों सौरभ सिंह, अरविंद सेन,कडोरी सिंह, परामर्शदाता राजकुमार सेन की उपस्थिति रही।

वही ग्रामपंचायत टिकरी बुजुर्ग में आयोजित जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बँधान में सरपंच राजाराम गौंड़,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## स्वरोजगारमुखी योजनाओं की दी जानकारी



**दमोह।** उद्यमिता विकास केंद्र दमोह द्वारा माधव राव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में छात्र एवं छात्राओं को भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगारमुखी योजनाओं की जानकारी देते हुए वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी मंचासीन कॉलेज प्राचार्य श्री वर्मा, जी महिला बाल विकास से श्री जैन साहब, आईटीआई से श्री सोनी जी उपस्थित हुआ। कार्यक्रम को मूर्त रूप देने वाले पीएन तिवारी जिला समन्वयक सैडमैप दमोह ने सभी अतिथियों का आभान माना।

## चरण पादुका रथ यात्रा वार्षिक उत्सव आज

**दमोह।** श्री संत गुलाब बाबा चरण पादुका रथ यात्रा 18 वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में श्री राम बागेश्वरधाम नरसिंहगढ़ में विशाल भंडारा 30 नवंबर दिन रविवार को 11.30 बजे किया जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्र वासियों से निवेदन किया है कि संत श्री गुलाब बाबा शिष्य मंडल नरसिंहगढ़ की ओर से सभी सम्मिलित हो व भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की। श्री संत गुलाब बाबा के भक्ति गीत और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति आर्केस्ट्रा द्वारा की जाएगी जो रविवार को दोपहर 3:32 से प्रारंभ होगा। भजनों की कार्यक्रम प्रसिद्ध गायको द्वारा किया जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे संत श्री गुलाब बाबा का भंडारा का प्रसाद ग्रहण करें और भक्ति भजनों का आनंद लें।

# खाद वितरण व्यवस्था हेतु कल से लागू होगी ई-टोकन प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

उर्वरक वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं मानव हस्तक्षेप रहित व्यवस्था कलेक्टर जिला दमोह श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर एम.पी. एसईडीसी के माध्यीम से जिला प्रबंधक ई गवर्नेन्सम श्री महेश अग्रवाल के विशेष सहयोग से ई-टोकन प्रणाली हेतु एमपी एस ई डी सी द्वारा एमपी ई-सर्विस पोर्टल मे नई सेवा ''खाद वितरण हेतु टोकन प्रणाली (दमोह जिले के लिए)'' लागू की गई है।पोर्टल पर पंजीयन आज से प्रारंभ कर दिये गये है तथा 1 दिसम्बर 2025 से सुबह 08:00 बजे से एम पी. ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से ई टोकन प्रणाली लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है । इसके प्रचार प्रसार हेतु आज दिनांक 29/11/2025 को प्रेस वार्ता एवं फेसबुक लाइव का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया जिसमें उपसंचालक कृषि श्री जी.एल.अहिरवाल, जिला जन संपर्क अधिकारी वाई.ए. कुरैशी, सहायक संचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्माा श्री जे.एल.प्रजापति तथा जिला प्रबन्धवक ई गवर्नेन्स श्री महेश अग्रवाल एवं जिले के पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।



### पंजीयन कैसे कराएं ?

एम पी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से कृषक बंधु पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन समग्र सदस्यक आईडी के आधार पर होगा। समग्र सदस्य आईडी में ई-केवायसी अनिवार्य है। किसान बन्धुओं को एम पी ई सर्विस पोर्टल पर सिटीजन लॉगइन एवं प्रोफाईल पंजीयन पर क्लिक करना होगा। जरूरी जानकारी भरकर रजिस्टर बटन पर क्लिक करना होगा। पंजीयन होने के बाद रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर पासवर्ड प्राप्तं होगा।

**किसान के पास एंड्रॉइड मोबाईल न होने/मोबाईल चलाने में असमर्थ होन पर पंजीयन कैसे कराएं ?**

वे किसान जिनके पास एंड्रॉइड मोबाईल नहीं है या मोबाईल चलाना नहीं आता है उन किसानों के लिए समस्त ग्राम पंचायतों, आंगनवाड़ी केन्द्रों , सेवा सहकारी समितियों, खाद वितरण केन्द्रों एवं कृषि विभाग के कार्यालयों में क्यू.आर. कोड चस्पा कराया जा रहा है। संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर किसान बंधु अपना निःशुल्क पंजीयन एवं ई टोकन बुक करा सकते है।

### ई टोकन कैसे प्राप्त होगा ?

किसान का एम पी ई सर्विस पोर्टल पर एक बार पंजीयन होने के उपरान्त रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर प्राप्ता पासवर्ड के आधार पर लॉगइन करना होगा। लॉगइन के पश्चात पोर्टल पर एम पी ई सेवा में खाद वितरण हेतु टोकन प्रणाली (दमोह जिले के लिए) सर्च करना होगा। सर्च करने के बाद आवेदन करें पर क्लिक करना होगा इसके पश्चात तीन टैब दिखेंगे - आवेदन करें, आवेदन सूची, खाद उपलब्धता । आवेदन करें पर क्लिक करने पर महत्वपूर्ण निर्देश प्रदर्शित होंगे जिन्हें पढ़कर चैक बॉक्स के माध्यम से अपनी सहमति दर्ज करनी होगी । इसके पश्चात किसान को तहसील का नाम चयन एवं ग्राम का नाम दर्ज करना होगा तथा इसके पश्चात एक प्रश्न पोर्टल पर प्रदर्शित होगा- क्या आप सहकारी समिति के सदस्यच है ? हॉं/नहीं । हॉं पर क्लिक करने पर दो विकल्प प्रदर्शित होंगे- समिति की सदस्यलता का प्रकार डिफाल्टर/नॉन डिफाल्टर । नॉन डिफाल्टर चैक बॉक्स पर क्लिक करने पर मैसेज प्रदर्शित होगा कि आप अपनी सहकारी समिति से खाद प्राप्तं करें। यदि समिति के सदस्य नहीं है या समिति के डिफाल्टर सदस्य हैं के चैक बॉक्स मे क्लिक करने पर पोर्टल आगे बड़ा देगा एवं किसान को वितरण केन्द्र एवं खाद प्राप्ति दिनांक का चयन करना होगा । कृषक को खसरा नंबर, वही नंबर/सी.एल.आर. नंबर एवं कुल रकवा (हेक्टेयर मे) दर्ज करना होगा धारित रकवा के आधार पर कृषक की अधिकतम पात्रता की सीमा प्रदर्शित होगी तथा कृषक को आवश्यक खाद की मात्रा (बोरी में) अंकित करनी होगी तथा सबमिट बटन पर क्लिक करने पर पंजीकृत मोबाईल नंबर पर यह मैसेज प्रदर्शित होगा ''प्रिय कृषक आपका खाद खरीदी हेतु टोकन नंबर, वही क्रमांक, कुल रकवा हेक्ट. है। आप वितरण केन्द्र जिला दमोह में दिनांक को सुबह 09:00 बजे से 04:00 बजे तक उपस्थित होकर खाद प्राप्ता कर सकते है।''

### वितरण केन्द्र पर आवश्यक अभिलेख

किसान को चयनित खाद विक्रय केन्द्र एवं दिनांक पर आधार कार्ड, बही(भू-ऋण पुस्तिका), जिस मोबाईल पर मैसेज प्राप्त हुआ है वह मोबाईल लाना अनिवार्य होगा। कृषक द्वारा टोकन बुकिंग के आधार पर वितरण केन्द्र द्वारा शासकीय दर पर खाद प्रदाय की जायेगी। एक बार टोकन बुक करने के बाद तीन दिवस के बाद ही पुनः टोकन बुक की जा सकेगी।

### मैसेज प्राप्त न होने पर?

यदि किसान बन्धुओं को टोकन बुक करने के बाद मैसेज प्राप्त नहीं होता है या खाद प्राप्ति में किसी प्रकार की समस्या होने पर दमोह हेल्पनलाईन नंबर 07812-350300 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है एवं शिकायत दर्ज करा सकते है जिसका निराकरण अतिशीघ्र किया जायेगा।

# बीएलओ को निर्देश, नो मैपिंग वाले अधिकतम मतदाताओं की मैपिंग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सभी तहसील मुख्यालय पर बीएलओ की (SIR) कार्य संबंधी समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इसी क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में तहसील के145 बीएलओ की समीक्षा बैठक में सभी बीएलओ को राजस्व मंडल के अनुसार व्यवस्थित करते हुए राजस्व मंडल के अनुसार कक्षों में बैठाकर एक-एक बीएलओ को बुलाकर उनकी कार्य और समस्याओं के संबंध चर्चा की गई। अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री राकेश सिंह मरकाम ने बीएलओ को नो मैपिंग और (ASDR) के संबंध में फिर से अवधारणा स्पष्ट करते हुए बताया कि हमें बचे हुए दिनों में प्रयास करना है, कि नो मैपिंग वाले अधिकतम मतदाताओं की मैपिंग की जाये । तहसीलदार डॉ आलोक जैन ने तकनीकी समस्याओं का निराकरण किया। नायब तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिवराम चढ़ार और राजेश सोनी ने बीएलओ से पंचनामा एवं उनकी सूची के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बीएलओ की समस्याओं का मास्टर ट्रेनर द्वारा समाधान किया गया। इसी तरह पथरिया सहित सभी मुख्यालयों पर उक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई और सभी को निर्देशानुसार कार्रवाही के लिये कहा गया, प्रश्नों और समस्याओं का समाधान किया गया।

## बरधारी स्कूल में साइबर सुरक्षा पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**दमोह।** शासकीय हाई स्कूल बरधारी में समर्थ भारत अभियान के अंतर्गत माह के चौथे शनिवार को सतत एवं व्यापक अधिगम तथा मूल्यांकन गतिविधि के रूप में साइबर सुरक्षा विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं ने व्यक्तिगत रूप से सहभागिता करते हुए साइबर सुरक्षा के महत्व, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और डिजिटल सावधानियों को अपने-अपने पोस्टरों के माध्यम से सशक्त संदेशों के रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन उपरांत कक्षा 9वीं से राधा अहिरवार को प्रथम, नंदनी अहिरवार को द्वितीय और युवराज कर्मी को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। इसी तरह कक्षा 10वीं से प्रीति रजक प्रथम, पूजा काछी द्वितीय तथा आरती कुर्मी और अनुराधा कुर्मी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से शील्ड प्रदान की गई, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास और बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्राचार्य बी.आर. अहिरवार ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा ज्ञान अत्यंत आवश्यक है और ऐसी गतिविधियाँ बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट व्यवहार के प्रति सजग बनाती हैं। एस.के. मुड़ा, डी.सी. असाटी, श्रीमती रिचा सोनी, राजेश अहिरवार और खिलान सेन सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी डिजिटल सुरक्षा और जागरूकता विषयक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे विद्यार्थी समय के साथ तकनीकी रूप से सशक्त और जागरूक बन सकें।